समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# सस्ता हुआ सोना, जानिए आज आपके शहर मे कितनी है 10 ग्राम की कीमत।

Publisher
Published on 05 Jul 2025



## 5 जुलाई को सोने की कीमतों मे गिरावट, जानिए देश के प्रमुख शहरों मे 10 ग्राम सोने का आज का रेट।

**Gold Price: 5 जुलाई 2025,** शनिवार को सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। पिछले कुछ दिनों से सोने की कीमतों में तेजी दर्ज की जा रही थी, लेकिन आज अचानक गिरावट आई है। बीते **1 जुलाई से 3 जुलाई** के बीच **100 ग्राम सोने** की कीमत में **20,700 रुपये** और **10 ग्राम मे 2,070 रुपये** का इजाफा हुआ था, लेकिन आज इसमें गिरावट आई है।

**आज 24 कैरेट 100 ग्राम सोने** की कीमत **6,000 रुपये घटकर 9,87,300 रुपये** पर आ गई है। वहीं, **10 ग्राम 24 कैरेट सोना 600 रुपये** सस्ता होकर **98,730 रुपये प्रति 10 ग्राम** हो गया है। इसी तरह 22 कैरेट सोने में भी गिरावट आई है, जहां **100 ग्राम सोना 5,500 रुपये** सस्ता होकर **9,05,000 रुपये** पर पहुंच गया। शुक्रवार को भी **10 ग्राम सोने की कीमत मे 550 रुपये** की गिरावट देखी गई थी।

### MCX पर क्या है सोने और चांदी का हाल ?

**मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX)** पर भी सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। **4 जुलाई** को अगस्त एक्सपायरी वाले **गोल्ड फ्यूचर्स का इंट्राडे लो 96,735 रुपये प्रति 10 ग्राम** तक पहुंच गया था। दिन के अंत में यह 2 रुपये की गिरावट के साथ **96,988 रुपये प्रति 10 ग्राम** पर बंद हुआ। वहीं चांदी की कीमत में हल्की बढ़त देखी गई और यह **9 रुपये की तेजी के साथ 1,08,438 रुपये प्रति** किलोग्राम पर बंद हुई।

### वैश्विक स्तर पर सोने का प्रदर्शन

वैश्विक बाजार में हाजिर सोने की कीमत **3,340 डॉलर प्रति** औंस के करीब पहुंच गई है। ट्रेडिंग इकोनॉमिक्स के विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में **राजकोषीय घाटे** की बढ़ती चिंताओं और व्यापारिक अनिश्चितता के चलते अगले हफ्ते सोने की कीमतों में फिर से तेजी आ सकती है। निवेशक सोने को सुरक्षित निवेश विकल्प के तौर पर देख रहे हैं।

## देश के प्रमुख शहरों मे आज का सोने का भाव

देश के अलग-अलग शहरों में आज के सोने के रेट कुछ इस प्रकार हैं:

१. **चेन्नई :** 24 कैरेट – ₹98,720 प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट – ₹90,490 प्रति 10 ग्राम
२. **दिल्ली :** 24 कैरेट – ₹98,870 प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट – ₹90,640 प्रति 10 ग्राम
३. **बेगंलुरु:** 24 कैरेट – ₹98,720 प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट – ₹90,490 प्रति 10 ग्राम
४. **हैदराबाद :** 24 कैरेट – ₹98,720 प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट – ₹90,490 प्रति 10 ग्राम
५. **केरल :** 24 कैरेट – ₹98,720 प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट – ₹90,490 प्रति 10 ग्राम

इसके अलावा, इन सभी शहरों में **चांदी की कीमत आज ₹1,19,900 प्रति किलोग्राम** पर बनी हुई है।

## क्यों घट रही है सोने की कीमते ?

विशेषज्ञों का कहना है कि डॉलर में मजबूती और अंतरराष्ट्रीय बाजार में हल्के दबाव के चलते सोने की कीमतों में गिरावट आई है। हालांकि, दीर्घकालिक नजरिए से निवेशकों के बीच सोने को लेकर सकारात्मक रुझान बना हुआ है। आने वाले हफ्तों में **अमेरिकी फेडरल रिजर्व** के ब्याज दरों से संबंधित फैसलों का असर भी सोने की कीमतों पर दिख सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.